India-Romania Joint Stamp Issue: 75 Years of Diplomatic Relations

In 2023, India and Romania celebrated 75 years of diplomatic relations. To commemorate this milestone, the Department of Posts is pleased to issue a joint postage stamp, highlighting the strong political, economic, and cultural ties between the two nations.

Established in 1948 and upgraded to ambassadorial level in 1968, the India-Romania diplomatic relationship has grown into a strong partnership with deep political, economic, and cultural ties. Both nations have supported each other in multilateral issues and international organizations including the UN. Bilateral visits have further solidified these ties. Economic relations are expanding, with significant growth in trade for 2023-24. Several agreements have been signed over the years to enhance cooperation in sectors such as tourism, defense, and diplomatic visa exemptions. Romania's commitment to global initiatives, including the International Solar Alliance, highlights their shared focus on sustainable development.

Cultural cooperation is a key element of the India-Romania relationship. A Cultural Agreement signed in 1957 laid the groundwork for exchanges in culture, science, and the arts, which continue with the 2022-2027 Cultural Exchange Programme. Educational and cultural exchanges are vibrant, with ICCR-sponsored dance troupes regularly performing in Romania and events like the "Namaste India" festival and International Day of Yoga becoming annual highlights. The Cluj Centre for India Studies and the Romania-India Study Center at the Romanian-American University further enhance academic and cultural ties. In August 2023, an ICCR troupe visited Targu Jiu for the International Folklore Festival, showcasing cultural performances and workshops.

Folk art reflects the life and traditions of rural communities, with costumes serving as cultural "identity cards" developed over generations.


The joint stamp features traditional folk costumes from both countries. The Romanian costume from Bihor County showcases vibrant embroidery in red, green, and black on a white shirt, complemented by a long sheepskin coat for women and a simple black hat for men. Women's attire also includes a black kerchief with red floral motifs.

For India, the stamp depicts the 'Lehenga-Choli' and 'Dhoti-Kurta.' The lehenga choli, a pleated skirt and blouse, is worn during festivals and ceremonies, while the dhoti and kurta represent traditional attire for men. These costumes highlight the rich cultural heritage of both nations and their shared traditions.

This stamp embodies the lasting partnership and shared history of India and Romania, and celebrates their continued collaboration and future growth.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	: Shri Jairaj T.G.
Text	: Referenced from content provided by Ministry of External Affairs



भारत-रोमानिया संयुक्त डाक टिकट : राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष

भारत ओर रोमानिया ने वर्ष 2023 में अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए डाक विभाग द्वारा एक संयुक्त डाक–टिकट जारी किया जा रहा है। यह डाक–टिकट, दोनों देशों के बीच मजबूत राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक है।

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की शुरुआत वर्ष 1948 में हुई और 1968 में राजदूतों की नियुक्ति के साथ ये संबंध और प्रगाढ़ हो गए। राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के बल पर भारत–रोमानिया के राजनयिक संबंध मजबूत साझेदारी के रूप में विकसित हुए हैं। दोनों देश, विभिन्न बहुपक्षीय मुद्दों पर और संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में एक–दूसरे का समर्थन करते रहे हैं। द्विपक्षीय यात्राओं ने इन संबंधों को और सुदृढ़ किया है। साथ ही, आर्थिक संबंधों का भी विस्तार हो रहा है, जिसके चलते वर्ष 2023–24 के दौरान व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। पिछले कुछ वर्षों में भारत और रोमानिया ने सहयोग बढ़ाने के लिए पर्यटन, रक्षा और राजनयिको के लिए वीजा से छूट जैसे क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सहित अन्य वैश्विक पहलों के प्रति रोमानिया की प्रतिबद्धता उसके सतत विकास के प्रति साझा संकल्प को भी दर्शाती है।

सांस्कृतिक सहयोग, भारत–रोमानिया संबंधों का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू है। दोनों देशों द्वारा वर्ष 1957 में एक ऐसे सांस्कृतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसने संस्कृति, विज्ञान, शिक्षा, साहित्य तथा कला के क्षेत्र में आदान–प्रदान के मौजूदा तंत्र की नींव रखी। यह परंपरा '2022–2027 सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम' द्वारा आज भी जारी है। दोनों देशों के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान–प्रदान उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण है। आईसीसीआर द्वारा प्रायोजित 'नृत्य मंडलियों' द्वारा रोमानिया में नियमित रूप से अपनी कला का प्रदर्शन किया जाता है। साथ ही, "नमस्ते इंडिया" तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जैसे कार्यक्रम रोमानिया के लोकप्रिय वार्षिक कार्यक्रम बन चुके हैं। क्लूज सेंटर फॉर इंडिया स्टडीज और रोमानियाई–अमेरिकी विश्वविद्यालय स्थित रोमानिया–भारत अध्ययन केंद्र, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बना रहे हैं। अगस्त 2023 में, आईसीसीआर के एक समूह ने अंतरराष्ट्रीय लोकगीत महोत्सव के लिए तुरगु जिउ का दौरा किया, इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और कार्यशालाएँ भी आयोजित की गईं।

लोक कला, ग्रामीण समुदायों के जीवन और परंपराओं को प्रतिबिंबित करती हैं, वहीं लोक परिधान, पीढ़ी–दर–पीढ़ी विकसित सांस्कृतिक "पहचान" होते हैं।

इस संयुक्त डाक–टिकट में दोनों देशों के पारंपरिक लोक परिधानों को दर्शाया गया है। बिहोर काउंटी की रोमानियाई पोशाक में चटक लाल, हरे और काले रंग की कशीदाकारी वाली सफ़ेद शर्ट और महिलाओं के परिधान में भेड़ की खाल से बना लंबा कोट शामिल होता है। पुरूषों द्वारा साधारण काली टोपी पहनी जाती है, वहीं महिलाओं की पोशाक में काले रंग का रूमाल शामिल होता है, जिस पर लाल रंग के फूलों के प्रतिरूप उकेरे जाते हैं।

इस डाक–टिकट पर भारत की ओर से 'लहंगा–चोली' और 'धोती–कुर्ता' का अंकन किया गया है। लहंगा–चोली, चुन्नट वाली स्कर्ट और ब्लाउज होता है, जिसे त्यौहारों के साथ–साथ विशेष समारोहों के दौरान भी पहना जाता है। वहीं धोती और कुर्ता, पुरुषों की पारंपरिक पोशाक है। ये परिधान, दोनों देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उनकी मिलती–जुलती परंपराओं को दर्शाते हैं।

यह डाक–टिकट, भारत और रोमानिया के बीच निरंतर सहयोग और भावी विकास को रेखांकित करता है और दोनों देशों की सुदृढ़ साझेदारी एवं साझा इतिहास का प्रतीक है।

आभार:

डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे पाठ : श्री जयराज टी.जी.

: विदेश मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सामग्री से संदर्भित

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

जारी करने की तारीख	: 17.09.2024
Date of Release	: 17.09.2024
मूल्यवर्ग	: 5000, 5000 पैसे
Denomination	: 5000, 5000 p
मुद्रितडाक–टिकटें	: 113700
Stamps Printed	: 113700
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00